कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक : उ0वि0शि0प0 / यू0टी0ई0टी0 2023–विज्ञप्ति 05 / 379-82 / 2023–24, दिनांक 05 अक्टूबर 2023।

:: उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय 2023 ::

परिषद् द्वारा दिनांक 29 सितम्बर 2023 को आयोजित उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय (UTET-I & II) 2023 के प्रश्नपत्रों के चारों सेट की अनन्तिम उत्तर कुंजियाँ (Provisional Answer Key) जनहित में परिषद की वेबसाइट पर प्रसारित कर दी गयी हैं। अभ्यर्थी परिषद् की वेबसाइट **www.ukutet.com** अथवा **www.ubse.uk.gov.in** के **DEPARTMENTAL EXAM/UTET** लिंक से उत्तर कुंजियाँ (Answer Key) डाउनलोड कर सकते हैं।

यदि किसी अभ्यर्थी / आवेदक को किसी प्रश्न / प्रश्नों के उत्तर पर कोई आपत्ति हो तो वे परिषद् द्वारा निर्धारित प्रपत्र (जो परिषद् की वेबसाइट पर उपलब्ध है) पर अपना प्रत्यावेदन / आपत्ति, परिषद् द्वारा निर्धारित प्रारूप / प्रपत्र पर **दिनांक 19 अक्टूबर 2023, सांय 05:00 बजे तक ई–मेल secyutet@gmail.com द्वारा पुष्ट प्रमाणों सहित परिषद् कार्यालय को** प्राप्त करा सकते हैं। **निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात अथवा मेल के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से कोई प्रत्यावेदन / आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।** एक प्रपत्र में केवल एक ही प्रश्न / उत्तर पर प्रत्यावेदन / आपत्ति अंकित करें, **यदि एक से अधिक प्रश्नों / उत्तरों पर आपत्ति हो तो प्रत्येक के लिये अलग–अलग प्रपत्र पर प्रत्यावेदन / आपत्ति तैयार कर प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रत्यावेदन / आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी अपने** प्रत्यावेदन / आपत्ति की पुष्टि हेतु संदर्भ साहित्य की स्वप्रमाणित छाया प्रति अनिवार्यतः संलग्न करें। **प्रमाण रहित प्रत्यावेदन / आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।**

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर, नैनीताल।

पृ0सं0 : उ0वि0शि0प0 / यू0टी0ई0टी0 2023–विज्ञप्ति 05 / 379-82 / 2023–24 दिनांक उक्तवत।

प्रतिलिपि :– निम्नांकित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून।
2. निदेशक, मा0शि0 / सभापति उ0वि0शि0प0 उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. सम्पादक, दैनिक हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण, अमर उजाला एवं उत्तर उजाला को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को 10 X 06 Cm. के साइज में शासकीय दरों पर अपने समाचार–पत्र के ऐसे पृष्ठ पर प्रकाशित करने का कष्ट करें जिसका प्रचार–प्रसार सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में हो। बिल सूचना अधिकारी से सत्यापित कर भुगतान हेतु दो प्रतियों में इस कार्यालय को प्रस्तुत करें।

05/10/2023

(डॉ0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,
रामनगर नैनीताल।

उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय **(UTET-I & II) 2023**

उत्तर–कुंजी (Answer Key) पर प्रत्यावेदन

1- **परीक्षा का नाम** :

2- **परीक्षा तिथि** : **29 सितम्बर 2023**

3- **अभ्यर्थी का अनुक्रमांक** :

4- **अभ्यर्थी का नाम** :

5- **अभ्यर्थी का पत्र व्यवहार का पता** :

6- **प्रश्न का विवरण जिस पर आपत्ति** :

प्रश्न पुस्तिका सेट (A/B/C/D)	**विषय**	**प्रश्न संख्या जिसके उत्तर पर आपत्ति है**	**परिषद् द्वारा जारी उत्तर**	**अभ्यर्थी का उत्तर**	**संदर्भ साहित्य का विवरण (जिसके आधार पर अभ्यर्थी द्वारा परिषद् द्वारा जारी प्रश्न/उत्तर पर आपत्ति दर्ज की जा रही है)****

***अपने प्रत्यावेदन/आपत्ति की पुष्टि हेतु संदर्भ साहित्य की प्रति भी अनिवार्यतः संलग्न करें, जिसमें पुस्तक का विवरण यथा नाम, लेखक/प्रकाशक का नाम भी अंकित हो।*

दिनांक : **आवेदक के हस्ताक्षर :**

स्थान : **आवेदक का नाम :**

नोट :–

- एक प्रपत्र में केवल एक ही प्रश्न/उत्तर पर प्रत्यावेदन/आपत्ति अंकित करें, **यदि एक से अधिक प्रश्नों/उत्तरों पर आपत्ति हो तो प्रत्येक के लिये अलग–अलग प्रपत्र पर प्रत्यावेदन/आपत्ति तैयार कर परिषद् को ई–मेल secyutet@gmail.com द्वारा प्रेषित करें।** एक प्रपत्र पर एक से अधिक प्रश्नों/उत्तरों पर आपत्ति प्राप्त होने की स्थिति में प्रत्यावेदन/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
- **अपने प्रत्यावेदन/आपत्ति की पुष्टि हेतु संदर्भ साहित्य की प्रति (स्कैन कर) भी अनिवार्यतः संलग्न करें, जिसमें पुस्तक का विवरण यथा नाम, लेखक/प्रकाशक का नाम भी अंकित हो।** बिना समुचित साक्ष्य (संदर्भ साहित्य) के प्राप्त होने वाले प्रत्यावेदन/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
- **अंतिम तिथि के बाद** एवं किसी मेल के अतिरिक्त **किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने वाले प्रत्यावेदन/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।**